नाम : ________________ अनुक्रमांक : ________________

# A/5,000

# अर्धवार्षिक परीक्षा, 2026-27
# गृह विज्ञान
# कक्षा - 12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**निर्देश**—(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 4 तक बहुविकल्पीय हैं। प्रश्न संख्या 5 से 10 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या 11 से 14 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक 50 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 15 से 18 तक दीर्घ उत्तरीय हैं जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

(iv) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—**

1. (क) कार्य व्यक्ति को प्रदान करता है— 1

(i) पहचान (iii) संतोष

(ii) नाम (iv) इनमें से सभी

(ख) रोगी को भोजन देने का सबसे उत्तम तरीका कौन-सा है ? 1

UPBoardHub

(i) अन्त:शिरा द्वारा (iii) नली द्वारा

(ii) मुँह द्वारा (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) सम्पूर्ण जनता का स्वास्थ्य कहलाता है ? 1

(i) जन स्वास्थ्य (iii) हस्तक्षेप

(ii) समुदाय (iv) पोषण कार्यक्रम

(घ) विटामिन 'A' की कमी से होता है— 1

(i) रतौंधी (iii) किरेटोमलेशिया

(ii) बिटॉट-स्पॉट (iv) इनमें से सभी

(ङ) फार्मूलाबद्ध खाद्य का उदाहरण है— 1

(i) डबल रोटी (iii) केक

(ii) बिस्कुट (iv) इनमें से सभी

2. (क) विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब की गई ? 1

(i) सन् 1951 में (iii) सन् 1955 में

(ii) सन् 1953 में (iv) सन् 1920 में

(ख) प्रारम्भिक बाल्यावस्था को क्या कहा जाता है ? 1

(i) सीखने की अवस्था (iii) शिक्षा की अवस्था

(ii) पहचानने की अवस्था (iv) इनमें से कोई नहीं

(ग) समाज की मूल इकाई होती है— 1

(i) समाज (iii) राष्ट्र

(ii) परिवार (iv) व्यक्ति

(घ) प्राथमिक रंग हैं— 1

(i) नीला (iii) हरा

(ii) लाल (iv) इनमें से सभी

(ङ) किसी कोटि की गोलाई वाली रेखा होती है— 1

(i) वक्र रेखा (iii) कटी रेखा

(ii) सरल रेखा (iv) शुद्ध रेखा

3. (क) वह व्यक्ति जो प्रेरणा को डिजाइन में परिवर्तित करने को सुसाध्य बनाता है कहलाता है— 1

(i) डिजाइनर (iii) शैलीकर्ता

(ii) व्यापारी (iv) क्रयकर्ता

(ख) एफ.पी.ओ. किसने लागू किया है ? 1

(i) राज्य सरकार ने (iii) उपभोक्ता परिषद ने

(ii) भारत सरकार ने (iv) इनमें से किसी ने नहीं

(ग) फैशन व्यापार का अन्तिम घटक क्या है ? 1

(i) क्रय (iii) विक्रय

(ii) संवर्धन (iv) विनिर्माण

(घ) धुलाई मशीन होती है— 1

(i) पूर्णतया स्वचालित (iii) हस्त-चालित

(ii) अर्द्ध स्वचालित (iv) इनमें से सभी

(ङ) आतिथ्य उद्योग में सम्मिलित हैं— 1

UPBoardHub

(i) पर्यटन (iii) भोजन एवं पेय सेवा

(ii) अतिथि सत्कार (iv) इनमें से सभी

4. (क) होटल के परिसर में होता है— 1

(i) रसोईघर (iii) भोज-कक्ष

(ii) परिसर (iv) इनमें से सभी

(ख) मानक माप-तौल अधिनियम कब लागू किया गया ? 1

(i) 1956 में (iii) 1976 में

(ii) 1962 में (iv) 1980 में

(ग) विकास संचार शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया ? 1

(i) महात्मा गांधी ने (iii) नोरा क्यब्राल ने

(ii) नेल्सन मण्डेला ने (iv) डेल यॉट ने

(घ) अच्छा एवं प्रभावी सम्प्रेषक बनने के लिए आवश्यक है— 1

(i) श्रवण कौशल (iii) तनाव प्रबन्धन

(ii) समय प्रबन्धन (iv) ये सभी कौशल

(ङ) विज्ञापन देने का उद्देश्य होता है ? 1

(i) जन-सम्पर्क करना (iii) क्रय करना

(ii) खर्चा करना (iv) अभिनय करना

# (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

5. (क) हमारे देश में कुपोषण के मुख्य कारण क्या हैं ?
(ख) खाद्य-संसाधन से क्या आशय है ?
6. (क) खाद्य-गुणवत्ता से क्या तात्पर्य है ?
(ख) 'आँगनबाड़ी' के विषय में आप क्या जानती हैं ?
7. (क) आन्तरिक डिजाइनर क्या कार्य करते हैं ?
(ख) लक्षित बाजार से क्या आशय है ?
8. (क) फैशन व्यापार से क्या आशय है ?
(ख) इस्तरी क्या है ?
9. (क) भोजन तथा पेय पदार्थ विभाग से क्या आशय है ?
(ख) एक अच्छे लेबल के कोई दो गुण लिखिए।
10. (क) विकास से क्या आशय है ?
(ख) आन्तरिक सम्प्रेषण से क्या आशय है ?

# (लघु उत्तरीय प्रश्न)

11. खाद्य-पदार्थ किन कारणों से खराब होते हैं और मानव उपयोग के लिए अनुपयुक्त बन जाते हैं ? 4
12. उपभोक्ता शिक्षा से क्या समझती हैं ? 4
13. धोबी द्वारा होने वाली धुलाई का परिचय दीजिए। 4
14. मिलावट से क्या आशय है ? 4
15. नौकरी और जीविका में क्या अन्तर है ? 4

# (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

16. प्रारम्भिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा से आप क्या समझते हैं ? 6

**अथवा**

फैशन के प्रमुख विकास की रूपरेखा दीजिए।

UPBoardHub

17. आतिथ्य प्रबन्धन के कार्य-क्षेत्र, आवश्यक योग्यताओं तथा जीविका के अवसरों का विवरण दीजिए। 6

**अथवा**

मानकीकरण से क्या आशय है ? इससे सम्बन्धी मुख्य चिह्नों का विस्तृत परिचय दीजिए।

18. भारतीय समाज में जागरूकता लाने में रेडियो के योगदान को स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

जनसम्पर्क के प्रकार्य, गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र तथा सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

**की आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹-20₹ प्रति पेपर Rewad Pa Skte H**